## खण्ड – अ / SECTION – A

1. संविधान सभा की संरचना पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
Write a short note on the composition of the Constituent Assembly. 8

2. भारत के विकास में नीति आयोग की भूमिका लिखिए।
Write the role of NITI Aayog in the development of India. 8

3. राज्य सभा की विशिष्ट विधायी शक्तियाँ क्या हैं ? विवेचना कीजिए।
What are the special legislative powers of the Council of States (Rajya Sabha) ? Discuss. 8

4. भारतीय संविधान न्यायपालिका की स्वतन्त्रता को कैसे सुनिश्चित करता है ? मूल संरचना सिद्धान्त के महत्त्व पर चर्चा कीजिए।
How does the Indian Constitution ensure the independence of the judiciary ? Discuss the importance of the basic structure doctrine. 8

5. गरीबी उन्मूलन हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली के योगदान की समीक्षा कीजिए।
Review the contribution of the public distribution system in poverty alleviation. 8

6. ग्रामीण विकास में स्वयं सहायता समूहों की क्या भूमिका है ?
What is the role of self help groups in rural development ? 8

7. भारतीय प्रशासनिक विकास में नागरिक समाज की भूमिका का परीक्षण कीजिए।
Examine the role of civil society in Indian administrative development. 8

8. भारत-मालदीव सम्बन्ध परस्पर हितों से जुड़े हैं। स्पष्ट कीजिए।
India-Maldives relations are linked to mutual interests. Explain. 8

9. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की संगठनात्मक संरचना और वित्त-पोषण का वर्णन कीजिए।
Describe the organisational structure and funding of the World Health Organisation (WHO). 8

10. दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रति भारत की क्षेत्रीय नीति की विवेचना कीजिए।
Discuss India's regional policy towards South-East Asia. 8

## खण्ड – ब / SECTION – B

**11.** इस कथन का विश्लेषण कीजिए, ''राज्य विधान-मंडलों को अकसर भारत के संघीय ढाँचे के भीतर राज्यों की आवाज के रूप में देखा जाता है।''
Analyze the statement, "State legislatures are often seen as the voice of the states within India's federal structure." *12*

**12.** चुनाव आयोग की स्वतन्त्रता सुनिश्चित करने के लिए उसकी संशोधित नियुक्ति प्रक्रिया के निहितार्थ क्या हैं ?
What are the implications of the revised appointment process of Election Commission for ensuring its independence ? *12*

**13.** लचीलेपन और कठोरता के संदर्भ में भारतीय संविधान की तुलना अन्य आधुनिक संविधानों से कैसे की जा सकती है ?
How does the Indian Constitution compare with other modern constitutions in terms of flexibility and rigidity ? *12*

**14.** भारत में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने में वित्त आयोग क्या भूमिका निभा सकता है और इसने अब तक क्या उपाय किए हैं ?
What role can the Finance Commission play in addressing regional disparities in India and what measures has it taken so far ? *12*

**15.** अति संवेदनशील वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सरकार को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है ?
What challenges is the Government facing in the implementing of welfare schemes for the most vulnerable sections ? *12*

**16.** नई आर्थिक नीति से देश का श्रमिक वर्ग बहुत प्रभावित हुआ है। स्पष्ट कीजिए।
The labour class of the country has been significantly affected by the New Economic Policy. Explain. *12*

**17.** 2014 के पश्चात भूख और गरीबी पर भारत की प्रगति क्या है ? व्याख्या कीजिए।
What is India's progress on hunger and poverty after 2014 ? Explain. *12*

18. भारत एवं बांग्लादेश के मध्य विवाद के प्रमुख मुद्दों का परीक्षण कीजिए एवं द्विपक्षीय सम्बन्धों में सुधार हेतु सुझाव दीजिए।

Examine the major issues of dispute between India and Bangladesh and give suggestions for improving bilateral relations. *12*

19. इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के क्या परिणाम हैं ? भारत को इससे उत्पन्न चुनौतियों का सामना कैसे करना चाहिए ?

What are the consequences of the ongoing Israel-Palestine conflict ? How should India address the emerging challenges ? *12*

20. ''संयुक्त राष्ट्र संघ अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने उद्देश्य में विफल रहा है।'' उदाहरण के साथ वर्णन कीजिए।

"United Nations Organisation has failed in its objective of maintaining international peace and security." Describe with example. *12*